इतिहास

पिछले साल तुमने पढ़ा था :

भारत भर मे खेती फैली - जगह जगह छोटे-छोटे राजवंश बनने लगे। ये राजवंश आपस में लड़ते हुए अपनी अपनी शक्ति बढ़ाने में लगे रहते थे। तुमने भोगपतियों के बारे में भी पढ़ा था जो गांव व शहरों पर मनमानी करते थे। सन् 1192 के बाद तुर्क सुल्तानों ने छोटे-बड़े कई राजाओं को हराकर एक विशाल राज्य - यानी सल्तनत - की स्थापना की थी। 150-200 सालों तक भारत मे सल्तनत का शासन मज़बूत रहा था। सन् 1400 के बाद यह सल्तनत भी छोटे-छोटे राज्यों मे बंट गई थी।

इस वर्ष तुम अपने देश की आगे की कहानी पढ़ोगे :

कैसे अफ़ग़ानिस्तान से आए मुग़ल वंश के बादशाहों ने एक बड़ा और विशाल साम्राज्य बनाया। सन् 1526 से सन् 1707 तक मुग़ल वंश भारत मे शासन करने वाला सबसे प्रमुख वंश बना।

मुग़ल साम्राज्य के शासकों व अधिकारियों का ठाठ बाठ बहुत प्रसिद्ध है। मुग़ल वंश के बादशाह (राजा) अकबर और औरंगज़ेब की नीतियां भी बहुत प्रसिद्ध हुईं। मुग़ल बादशाहों ने प्रशासन व लगान वसूली की जो व्यवस्था बनाई थी उसका अपने देश के लोगों पर बहुत गहरा असर रहा है। तुम इन बातों के बारे में कुछ विस्तार से पढ़ोगे। फिर मुग़ल साम्राज्य जब कमज़ोर पड़ा तब सात समुन्दर पार से आए अंग्रेज़ी व्यापारियों ने अपने देश पर शासन जमाया। उस दौरान भारत के किसानों, मज़दूरों, व्यापारियों, आदिवासियों व पढ़े लिखे लोगों ने लंबे समय तक संघर्ष करके देश को अंग्रेज़ शासन से स्वतंत्र कराया - ये भी तुम इस साल पढ़ोगे।